पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण
PENSION FUND REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY

**Circular No PFRDA/2022/38/FT&DA/03** **09th December 2022**

**To,**

**All Stake Holders**

**Subject: NPS Prosperity Planner (NPP) for Adequacy in Retirement Income Planning**

PFRDA takes a plethora of initiatives, enablers, empowerment kits & series of digitally enabled solutions for the large-scale adoption of NPS for the holistic retirement planning of the existing and prospective Subscribers.

2. NPS offers unique tax benefits for its Subscribers during accumulation and withdrawal, but its primary objective is Retirement Planning. NPS due to its cost effectiveness and transparency have all ingredients to become *partners of prosperity* of each earning individual when they retire from active work life and they no longer earn.

3. The working age population can build a retirement corpus through NPS by the regular contributions carved out from their income and periodical enhancement of their contribution commensurate with the rise in income to provide them and their spouse with regular stream of income once they reach the age of superannuation or retirement.

4. As part of Azadi Ka Amrit Mahotsav (AKAM) and in order to assist, empower and handhold the Subscribers to plan for *adequacy in retirement income*, PFRDA is pleased to provide NPS Prosperity Planner (NPP) for the benefit of Subscribers, made available by the CRAs.

5. Through NPP, the subscribers would be able to estimate the projected Retirement Income (Annuity) as per the Annuity options based on their existing contribution under NPS. NPP provides the tool for higher Retirement Income through *Accelerated Contribution plan* in the residual period until retirement duly considering *inflation and the projected cost of living expenses*.

6. NPS Prosperity Planner is futuristic and offers personalized retirement planning for the subscribers based on their past contribution, expected income rise in the future and their cost of living. The calculator thus can provide the subscriber with the reasonable projections which aid in better retirement planning to ensure adequate and sustainable old age income.

This circular is issued furtherance of and to protect the interests of subscribers and to regulate, promote and ensure orderly growth of the National Pension System.

Suggestions/Improvements about NPP are welcome by email to <*fintech-data@pfrda.org.in*>.

Digitally signed by K MOHAN GANDHI

Chief General Manager

**परिपत्र संख्या- PFRDA/2022/38/FT&DA/03** **9 दिसंबर २०२२**

**प्रति,**

**सभी हितधारक**

**विषय :** सेवानिवृत्ति आय योजना में पर्याप्तता हेतु एनपीएस प्रोस्पेरिटी प्लानर (एनपीपी)

पीएफआरडीए द्वारा मौजूदा और भावी अभिदाताओं की समग्र सेवानिवृत्ति योजना के लिए कई पहलों, सक्षमकर्ताओं, सशक्तिकरण किट तथा डिजिटल रूप से सक्षम समाधानों की व्यवस्था की जाती है जिससे एनपीएस को बड़े पैमाने पर अपनाए जाने हेतु प्रोत्साहन मिलता है।

2. यद्यपि, एनपीएस के अभिदाताओं को संचय (accumulation) और प्रत्याहरण (withdrawal) के दौरान विशेष कर-लाभ मिलता है, लेकिन इसका मूल उद्देश्य सेवानिवृत्ति की योजना है। अपनी मूल्य प्रभावशीलता और पारदर्शिता के कारण एनपीएस में वे सभी गुण हैं जिससे यह सक्रिय जीवनचर्या से सेवानिवृत्ति और उपार्जन बंद होने के बाद भी प्रत्येक अर्जक की समृद्धि का भागीदार बन सकता है।

3. कार्यशील लोग, अपनी आय में से नियमित अंशदान करते हुए और आय में वृद्धि के अनुरूप ही अपने अंशदान में बढ़ोतरी करते हुए, एनपीएस के माध्यम से सेवानिवृत्ति कोष का निर्माण कर सकते हैं ताकि सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें और उनके पति या पत्नी को नियमित आय प्राप्त हो सके।

4. "आजादी का अमृत महोत्सव (AKAM)" के एक भाग के रूप में और सेवानिवृत्ति आय में पर्याप्तता सुनिश्चित करने के क्रम में, अभिदाताओं की सहायता, सशक्तिकरण और उन्हें सहयोग प्रदान करने हेतु सीआरए द्वारा उपलब्ध कराए गए एनपीएस प्रोस्पेरिटी प्लानर (एनपीपी) को प्रदान करने में पीएफआरडीए को प्रसन्नता हो रही है।

5. एनपीपी के माध्यम से अभिदाता, अपने मौजूदा अंशदान पर आधारित वार्षिकी विकल्पों के अनुसार, एनपीएस के तहत अनुमानित सेवानिवृत्ति आय (Annuity) का आकलन कर सकेंगे। एनपीपी, महंगाई और जीवनयापन-व्यय की अनुमानित लागत को ध्यान में रखते हुए सेवानिवृत्ति तक की शेष अवधि में त्वरित अंशदान योजना (Accelerated Contribution plan) द्वारा उच्चतर सेवानिवृत्ति आय का एक साधन प्रदान करता है ।

6. एनपीएस प्रॉस्पेरिटी प्लानर भविष्यवादी है और अभिदाताओं के पिछले अंशदान, भविष्य में अपेक्षित आय-वृद्धि और जीवन-यापन की लागत के आधार पर उनकी व्यक्तिगत सेवानिवृत्ति योजना में सहायक हो सकता है । इस कैलकुलेटर द्वारा उचित आकलन किया जा सकता है जिससे पर्याप्त और सतत वृद्धावस्था आय सुनिश्चित करने हेतु एक बेहतर सेवानिवृत्ति योजना बनाने में अभिदाताओं को सहायता मिल सकती है ।

यह परिपत्र, अभिदाताओं के हितों की रक्षा को प्रोत्साहित करने और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का विनियमन, संवर्धन और व्यवस्थित विकास सुनिश्चित करने के लिए जारी किया गया है।

एनपीपी पर सुझावों / सुधारों का स्वागत है और इन्हें <*fintech-data@pfrda.org.in*> ईमेल पर भेजा जा सकता है ।

सादर,

Digitally signed by K MOHAN GANDHI


मुख्य महाप्रबंधक

1. ***NPS Prosperity Planner at PCRA Portal*** *([https://npp.proteantech.in/](https://npp.proteantech.in/))*


Screenshot 1:





Screenshot 2:




Screenshot 3:




Screenshot 4:




Screenshot 5:




2. *NPS Prosperity Planner in CAMS Subscribers' Login:*

Screenshot 1:




Screenshot 2:



Screenshot 3:

